उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 551 दिनांक /Date.: 14.09.2020

–:: विज्ञप्ति ::–

वि0 सं0–26/उ0अ0से0च0आ0/2020, पदनाम–आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक एवं वि0 सं0–27/उ0अ0से0च0आ0/2020, पदनाम–लेखा लिपिक पद हेतु आवेदन की तिथि विस्तारित किये जाने के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 27 जुलाई, 2020 को **विभिन्न विभागों के अंतर्गत आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के** रिक्त 158 पदों तथा दिनांक 27 जुलाई, 2020 को ही **उत्तराखण्ड शहरी विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न निकायों में पालिका अकेन्द्रीयित सेवा के लेखा लिपिक के रिक्त 142 पदों** का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था दोनों मामलों में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि दिनांक 14.09.2020 निर्धारित की गयी थी।

आयोग को ईमेल व दूरभाष के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा सूचित किया गया कि उन्हें OTR भरने तथा ऑनलाइन शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र भरने में तकनीकी कारणों से कठिनाइयां आ रही है। उक्त कठिनाइयों के दृष्टिगत आयोग द्वारा उक्त दोनों आवेदन पत्रों को भरने एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथियों को निम्नानुसार विस्तारित किया जा रहा है:–

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि– 24.09.2020
ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि– 26.09.2020

अभ्यर्थियों के अपेक्षा की जाती है कि वे उक्तानुसार अंतिम तिथियों के अंतर्गत अपना आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करेंगे। अतः अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने के निर्धारित अवधि में ही अपने आवेदन पत्र भरें। अभ्यर्थियों को यहां यह भी सूचित किया जाता है कि बार–बार अंतिम तिथि को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः कृपया भविष्य में समय पर आवेदन कर लें।

14/9

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com